महर्षि दयानन्द विश्वविद्यालय रोहतक
छात्र कल्याण विभाग

DSW/2020/569

Dated: 15-12-2020

अर्न्तराष्ट्रीय गीता महोत्सव

सेवा में

1. विश्वविद्यालय के सभी संबंधित संस्थान।
2. हरियाणा के सभी राज्य एवं निजो विश्वविद्यालय।

श्रीमान/श्रीमती जी,

हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी अर्न्तराष्ट्रीय गीता महोत्सव राष्ट्र भर में मनाया जा रहा है। इस आयोजन में हर स्तर पर कार्यक्रम आयोजित किये जाते हैं। इस वर्ष महर्षि दयानन्द विश्वद्यालय का छात्र कल्याण विभाग श्रीमद्भगवद गीता पर आधारित संस्कृत श्लोक उच्चारण प्रतियोगिता का राज्य स्तर पर ऑनलाईन आयोजन कर रहा है। इसमें महर्षि दयानन्द विश्वविद्यालय रोहतक के सम्बधित सभी संस्थान तथा महाविद्यालय व राज्य में स्थित राजकीय व निजो विश्वविद्यालय के छात्र छात्राएं भाग ले सकते हैं। इसमें नकद पारितोषिक की व्यवस्था की जाएगी। ऑनलाइन पद्धति द्वारा वितरित किये जाने वाले पारितोषिकों का विवरण इस प्रकार है।

प्रथम पुरस्कार	5100/–
द्वितीय पुरस्कार	3100/–
तृतीय पुरस्कार	2100/–
दो सांत्वना पुरस्कार	1100/–

इसके अलावा प्रत्येक प्रतिभागी को छात्र कल्याण विभाग की तरफ से प्रतिभागिता पुरस्कार 500 रूपये दिया जाएगा। इसके अतिरिक्त प्रतिभागियों एवं विजेताओं को राज्य स्तरीय प्रमाण पत्र भी दिये जाएंग। प्रतियोगिता के नियम इस प्रकार रहेंग–

1. किसी भी महाविद्यालय या संस्था से एक प्रतिभागी इस प्रतियोगिता में भाग ले सकता है। इसके लिए उसे अपने महाविद्यालय से प्राचार्य द्वारा हस्ताक्षर किया हुआ प्रतिभागी का पत्र पंजीकरण फार्म के जरिये भेजना होगा।
2. प्रतिभागियों के उत्साह वर्धन हेतु पुरस्कार उच्चारण, माधुर्य व स्वर गुणवता पर आधारित होंगे।

3. प्रतियोगिता में श्रीमद्भगवद्गीता के श्लोकों का उच्चारण निर्धारित तिथि तथा समय पर प्रतिभागी को ऑनलाईन करना होगा।
4. समय सीमा तीन मिनट से लेकर अधिकतम चार मिनट रहेगी।
5. प्रतिभागी यह सुनिश्चित कर लें कि यह विशुद्ध रूप से श्रीमद्भगवद्गीता के श्लोकों का ही प्रतियोगिता है।
6. किसी भी प्रकार की अभद्र टिप्पणी व भाषा का प्रयोग वर्जित है। प्रतियोगिता में भाग लेने के इच्छुक, हमारे विभाग द्वारा दिए गए पंजीकरण लिंक पर रजिस्ट्रेशन करा सकते हं।
7. पंजीकरण की अन्तिम तिथि 22 दिसम्बर 2020 रहेगी।
8. प्रतियोगिता 25 दिसम्बर 2020 को आयोजित की जाऐगी।

Registration Link:
https://forms.gle/3cPBcL4mGsYVDaG67

E-mail: dean.dsw@mdurohtak.ac.in

किसी भी प्रकार की जानकारी व समस्या के समाधान लिए निम्नलिखित दूरभाष पर बात की जा सकती है– 9461661016, 9812402030.

इस विषय पर आपकी ओर से तत्काल प्रतिक्रिया वांछित है।

डॉ जगबीर राठी
निदेशक
छात्र कल्याण विभाग